# बस स्टैण्ड के निकट झाड़ियों में मिला किशोरी का शव

## सांसद आदर्श ग्राम अबेर की घटना, जांच में जुटी पुलिस





नवभारत न्यूज

**सतना,2 अगस्त. जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम अबेर में बस स्टैण्ड से कुछ दूरी पर झाड़ियों के बीच बालिका का शव मिलने से सनसनी फैल गई. इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश फैल गया और उन्होंने सतना-सेमरिया मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. निष्पक्ष जांच और कार्रवाई के संबंध में लंबी चली समझाइस के बाद लोगों किसी तरह वहां से हटने को राजी हो सके.**

अबेर बस स्टैण्ड से लगभग 200 मीटर की दूरी पर अबेर-लखनवाह मार्ग के किनारे झाड़ियों के बीच 14 वर्षीय किशोरी का शव पड़ा देख स्थानीय रहवासियों के पैरों तले जमीन खिसक गई. आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची कोटर थाने की पुलिस ने जांच शुरु की तो मामला गंभीर नजर आते ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुला लिया गया. मृतका की पहचान गांव के एक आदिवासी परिवार की बेटी के तौर पर हुई. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृत बालिका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए. रोते-बिलखते मां ने बताया कि बालिका सुबह लगभग 5 बजे नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर निकली थी. लेकिन काफी देर बाद भी वह वापस लौट कर नहीं आई. लेकिन उन्हें यह नहीं मालुम था कि उनकी बेटी के साथ इतना बुरा हादसा हो चुका है. पति की मौत तो पहले ही हो चुकी थी और अब बेटी भी साथ छोड़ गई. वहीं दूसरी ओर इस घटना ने स्थानीय लोगों को भी आक्रोशित कर दिया. देखते ही देखते परिजन और स्थानीय लोग सतना-सेमरिया मार्ग पर एकत्र हो गए और मार्ग बाधित करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. लोगों का कहना था कि अबेर बस स्टैण्ड नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है. यहां पर खुलेआम हर तरह के नशे का सेवन करते हुए लोग देखे जा सकते हैं. लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती. लोगों ने बालिका के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कारवाई की मांग भी की. पुलिस द्वारा काफी देर तक परिजनों को यह समझाइस दी गई कि जांच निष्पक्ष होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसे सजा मिलेगी. वहीं दूसरी ओर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह भी देर शाम कोटर थाने पहुंच गए. जहां पर उन्होंने घटना से संबंधित कार्रवाई का अपडेट लेने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### सीसीटीवी से मिले सुराग

मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम और पुलिस द्वारा घटनास्थल और आस पास के क्षेत्र की बारीकी से जांच करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए. इसी कड़ी में शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल से कराए जाने को लेकर जिलार चिकित्सालय भेज दिया गया. वहीं दूसरी ओर कोटर पुलिस द्वारा घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को एकत्र किया जाने लगा. बताया गया कि फुटेज से मिले अहम सुराग के आधार पर कुछ संदेहियों को हिरासत में भी लिया गया है. जिसमें से कुछ बाहरी मजदूर हैं जो धान की रोपाई करने के लिए आए हुए हैं. पुलिस के अनुसार घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर बारीकी से विवेचना की जा रही है और जल्द सारे सवालों से पर्दा हट जाएगा.

# मऊगंज के शाहपुर में तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से अधेड़ की मौत

## ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रखकर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया. पुलिस के समझाने पर करीब 3 घंटे बाद यातायात बहाल हो सका.**

जानकारी के अनुसार मऊगंज जिले के शाहपुर निवासी गौरी शंकर साकेत शनिवार रात करीब 9 बजे घर के पास शाहपुर-हनुमना मुख्य मार्ग पर पैदल जा रहे थे. इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गौरी शंकर उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए और घटना स्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई. हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए. मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने मुआवजे व आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव मार्ग पर रखकर चक्का जाम कर दिया.

**लापरवाह ऑटो चालक फरार**
**पुलिस कर रही तलाश**

सूचना पर शाहपुर थाना प्रभारी रामदीन सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी. आश्वासन के बाद ग्रामीण माने और जाम समाप्त किया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना भेज दिया.



# ऑटो चालकों पर यातायात पुलिस की सख्ती, कटा चालान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अगस्त। जिले में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से ऑटो चालकों के विरुद्ध विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।**

पुलिस अधीक्षक सियाज केएम के मार्गदर्शन में सूबेदार आशीष तिवारी, थाना प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने ऑटो वाहनों की सघन जांच कर दस्तावेजों का सत्यापन किया और चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने, तय स्टैंड से ही सवारी लेने-छोड़ने, तेज एवं लापरवाही से वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। जांच में नियमों का उल्लंघन करते पाए गए ऑटो चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनते हुए यातायात नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करने की अपील की।

# शादी के दबाव में महिला ने रची खूनी साजिश, कार में मिला था युवक का शव

## सीसीटीव्ही से खुला राज, आरोपी महिला गिरफ्तार, मोरवा पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अगस्त। मोरवा थाना पुलिस ने कार में मिले युवक की हत्या की गुत्थी घटना के चंद घंटों के भीतर सुलझाते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।**

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सत्यप्रकाश गुप्ता के रूप में हुई है, जबकि हत्या के आरोप में प्रिया गुप्ता उम्र 35 वर्ष पति स्व. सुनील गुप्ता निवासी भगत सिंह कॉलोनी, मोरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार दोनों दूर के रिश्ते में मामा-भांजे बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक 31 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे राहुल कुमार गुप्ता उर्फ संजय ने सूचना दी कि उनका भाई सत्यप्रकाश गुप्ता उनकी सुजुकी एस-प्रेसो कार में चालक सीट पर अचेत अवस्था में बैठा है। परिजन तत्काल उसे एनसीएल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक मर्ग जांच के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी। पुलिस अधीक्षक सियाज केएम, एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा तथा एसडीओपी रोशनी कुर्मी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह ने अलग-अलग टीमों का गठन कर जांच शुरू कराई।

घटनास्थल का निरीक्षण, सीसीटीव्ही फुटेज, गवाहों के बयान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर स्पष्ट हुआ कि सत्यप्रकाश गुप्ता की हत्या की गई थी। जांच में महिला प्रिया गुप्ता की संलिप्तता सामने आई। पुलिस के अनुसार आरोपी और मृतक के बीच लंबे समय से आपसी संबंध थे। मृतक द्वारा लगातार शादी का दबाव बनाए जाने से परेशान होकर आरोपी ने उसकी हत्या कर दी।



### हत्या किस तरीके से की, खुलासा नहीं

पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में हत्या का कारण बताया है, हालांकि हत्या किस तरीके या किस वस्तु/हथियार से की गई, इसका खुलासा पुलिस ने नहीं किया है। मोरवा थाना में अपराध के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) एवं 238(क) में मामला दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया और विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। इस पूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, उनि एनपी तिवारी, अर्चना धुर्वे, सउनि संजीत सिंह, उमेश अग्निहोत्री, डीएन सिंह, सुनील दुबे, आर कुलदीप शर्मा, त्रिभुवन मिश्रा, श्यामसुंदर बैस, रामकली पनिका, अजय यादव, आकाश पटेल एवं राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इनका कहना है

कार में एक संदिग्ध हालत में युवक मिला था। जहां अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। साक्ष्यों एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल की गई। युवक की हत्या की गई थी। इस अपराध में एक महिला की संलिप्तता पाई गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**रोशनी कुर्मी**
**एसडीओपी, मोरवा**

# चारपाई के नीचे काल बनकर आया जहरीला सर्प

- 8 साल के बच्चे की मौत, हरफरी गांव की घटना, नही मिला शव वाहन

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 2 अगस्त। थाना क्षेत्र के ग्राम हरफरी में सर्पदंश से एक 8 वर्षीय मासूम की मौत हो गई।**

घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सर्पदंश जैसी आपात स्थिति में लोग आज भी झाड़फूंक के चक्कर में कीमती समय गंवा देते हैं, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में सर्पदंश की आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरफरी निवासी अर्जुन सिंह गोंड़ ने पुलिस को सूचना दी कि उनका नाती सचिन सिंह गोंड़ उम्र 8 वर्ष पिता बाबूलाल सिंह गोड़ अपने घर में सो रहा था। रविवार की सुबह करीब 5 बजे सूचना मिली कि उसे किसी जहरीले सर्प ने काट लिया है। परिजन मौके पर पहुंचे तो सचिन चारपाई पर अचेत अवस्था में पड़ा था तथा चारपाई के नीचे एक सर्प भी मिला, जिसे ग्रामीणों ने मार दिया।

### नहीं मिला शव वाहन, बाइक बनी सहारा



मृतक बालक के पिता ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के दौरान मौत हुई। चिकित्सक के द्वारा भी शव को घर तक पहुंचाने के लिए फोन लगाया गया, लेकिन शव वाहन नही मिलने से मोटरसाइकिल से सहारा लिया गया। जहां 25 किलोमीटर शव को मोटरसाइकिल से लेकर पिता अपने गांव के ही एक साथी के साथ घर पहुंचा। इस दौरान शव वाहन न मिलने पर लोगों ने जहां सरकार को घेरा है, वहीं 108 वाहन के दैयनीय हालत पर भी चिंता जाहिर करते हुए सवाल खड़ा किया। साथ ही ग्रामीणों ने इसकी जांच कराए जाने की मांग कलेक्टर से की है।

# कमिश्नर आज करेंगे नीट परीक्षा के विद्यार्थियों को किताबों का वितरण

नवभारत न्यूज

**रीवा 2 अगस्त, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन देने के लिए अनूठी पहल की गई है।**

संभाग के सभी जिलों में इंदौर के एक प्रमुख कोचिंग संस्थान के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन देने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण दिलाया गया है। कमिश्नर श्री सिंह 3 अगस्त को सुबह 11.00 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में आयोजित समारोह में नीट परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को किताबों का निशुल्क वितरण करेंगे। संयुक्त संचालक शिक्षा नीरव दीक्षित ने बताया कि विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उनके करियर के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है।



# दो मोटर साइकिलो के टक्कर में 4 किशोर घायल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अगस्त। चितरंगी थाना क्षेत्र के बरहट गांव में आज शाम करीब 4 बजे दो मोटरसाइकिल टकरा गये, जिसमें इस सड़क हादसे में चार किशोर समेत पॉच लोग घायल हो गये। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में भर्ती कराया गया है। तीन बच्चों की हालत गंभीर है।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बरहट मुख्य मार्ग में बस्ती से मुख्य सड़क में जा रहे थे, तभी दो मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजी 8973 टकरा गये। इस सड़क हादसे में शिवेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 13 वर्ष, राजीव विश्वकर्मा पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 12 वर्ष, हंश विश्वकर्मा पिता कुंजभान विश्वकर्मा उम्र 11 वर्ष एवं दूसरे मोटरसाइकिल में सवार संजय कोल पिता प्रसादे कोल उम्र 24 वर्ष तथा जलंधर पिता शिवरतन उम्र 16 वर्ष सभी निवासी ग्राम बरहट घायल हैं, घायलो को तत्काल स्थानीय लोगों के मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी ले जाकर भर्ती कराया गया।

# नाबालिगा को पड़ोसी राज्य से किया दस्तयाब

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 अगस्त। गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिगों की तलाश के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बरगवां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 16 वर्षीय नाबालिका को उत्तर प्रदेश के अनपरा क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।**

पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और सिंगरौली पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के पालन में एसपी सियाज केएम के निर्देशन जिलेभर में गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिगों की शीघ्र तलाश के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना बरगवां में दर्ज अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत गुम हुई 16 वर्षीय नाबालिग बालिका की तलाश के लिए एसडीओपी सिंगरौली रोशनी कुर्मी तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

# नाबालिग अपहृता दस्तयाब, पॉक्सो एक्ट एवं दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी 2 अगस्त, थाना जमोड़ी पुलिस की त्वरित कार्रवाई में नाबालिग अपहृता दस्तयाब की गई। पॉक्सो एक्ट एवं दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया।**

थाना जमोड़ी पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहृता को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। प्रकरण में पीड़िता के कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पॉक्सो एक्ट एवं दुष्कर्म संबंधी धाराओं की वृद्धि की गई है तथा एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस के अनुसार फरियादिया द्वारा थाना जमोड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री जो कक्षा 10वीं की छात्रा है, दिनांक 19 जुलाई 2026 को घर से लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट प्राप्त होते ही थाना जमोड़ी पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर बालिका को दिनांक 01 अगस्त 2026 को नया बस स्टैंड सीधी क्षेत्र से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि पीड़िता आरोपी बालक को पूर्व से जानती थी। आरोपी बालक पीड़िता को नया बस स्टैंड सीधी बुलाकर अपने साथ बस से अहमदाबाद ले गया तथा किराए के कमरे में रखकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म भी किया। बाद में वह उसे सीधी लेकर आया, जहां से पुलिस ने बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया।

एन सी एल NCL
नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(एक मिनिरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पणी)
निविदा सुचना
"सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामाग्री, कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रक्योरमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रक्योरमेंट किया जाता है।" (R-34)

# कोविड के बाद बदला शरीर, सीने के कम फूलने से छिन रही सांसे

## जिले में बढ़ रही घटनाओं पर विशेषज्ञों की राय

नवभारत न्यूज

**सतना 2 अगस्त, जिले में हाल के दिनों में कुएँ में उतरने के दौरान दम घुटने से हुई मौतों ने समूचे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है. ग्रामीण इलाकों में एक के बाद एक हुए इन दर्दनाक हादसों के बाद आम लोगों के बीच गहरी चिंता और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है. कुएँ की गहराई में छिपे अदृश्य खतरे से अनजान होकर उतरने वाले लोग पल भर में काल के गाल में समा रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवारों में मातम पसरा हुआ है.**

इन हृदयविदारक घटनाओं के बाद तरह-तरह की बातें सामने आ रही है जानकारों का मानना है कि कोविड के बाद शरीर की अपनी प्रतिरोधक क्षमता काफी कम हो गई है. सामान्य परिस्थितियों में सांस लेने के दौरान जितनी आक्सीजन फेफड़े में जानी चाहिये उतनी नही पहुच पाती है. ज्यादातर लोगों को सामान्य से अधिक मेहनत का काम करने पर सांस फूलने की दिक्कत का सामना करना पड़ता है. ऐसी परिस्थिति में गहराई और





उचाई में जाने पर आक्सीजन की कमी से दमघुटने लगता है. जानकर इस बात से सहमत हैं कि कुएं के निचले स्तर पर मौजूद गैस का मुकाबला जब फेफड़ा नही कर पाता तो सांस टूट स्वाभाविक है. विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय से बंद पड़े या गहरे कुओं में अक्सर जहरीली गैसें एकत्र हो जाती हैं. ऐसे में बिना किसी वैज्ञानिक जांच या सुरक्षा इंतज़ाम के नीचे उतरना सीधे तौर पर जान जोखिम में डालना है. कोविड 19 के बाद लोगो के फेफड़ों में काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा लोगो को चलने,ऊचाई पर चढ़ने और गहराई में जाते ही सांस लेने में तकलीफ़ होने लगती है जिसके कारण यह घटनाए और भयावह हो जाती है.

जानकारों ने यह भी बताया कि कोविड के इलाज के लिए कोई निर्धारित प्रोटोकॉल नही था.ऐसी स्थिति में उस समय जो इलाज का तरीका सामने आया लोगो की जान बचाने के लिए उपयोग किया गया.अब उसके कई तरह के साइड इफेक्ट्स हो रहे हैं.जिसका विस्तृत अध्ययन किया जाना चाहिए पर उस पर भी ज्यादा काम नही हो रहा है. आमतौर जिन लोगो की दिनचर्या नियमित नही होती पैदल चलना,व्यायाम करना और अन्य शरीर को स्वस्थ्य रखने की गतिविधिया नही की जाती उनके सामने इस प्रकार की दिक्कत ज्यादा आती है. लोगों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है वरना ऐसी घटनाएं बढ़ सकती हैं.

### अचानक ऑक्सीजन कम होना जानलेवा : डॉ. अनूप

चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ.अनूप सिंह गहराई में जाने से सांस लेने में दिक़्क़त होती है। कोविड-19 से अगर कोई ग्रसित था, तो उसका फेफड़ा उतना नहीं फूल पाता जितना एक स्वस्थ व्यक्ति का फूलता है.फेफड़ों की घटती कैपेसिटी के कारण ही कुएँ या बंद जगहों में ऑक्सीजन की अचानक कमी से अप्रिय घटनाएँ हो रही हैं.गहराई या ऊंचाई में जाने से पहले फेफड़ों की जाँच ज़रूर करा लें.

### फेफड़े की कार्यक्षमता प्रभावित : डॉ. मुकेश



डॉ. मुकेश तिवारी, चेस्ट स्पेशलिस्टकोविड-19 के बाद कई लोगों के फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित हुई है, जिससे गहराई में जाते ही या भारी शारीरिक श्रम करते समय अचानक सांस लेने में दिक्कत बढ़ जाती है.मेरी सख्त सलाह है कि बिना प्रॉपर ऑक्सीजन सपोर्ट, मास्क और सुरक्षा जांच के किसी भी बंद या गहरे कुएँ में न उतरें.

### अचानक दबाव से आता है साइलेंट अरेस्ट : डॉ. अमरेन्द्र



डॉ. अमरेंद्र कुमार शुक्ला डीएम (पल्मोनोलॉजिस्ट) जब कमजोर या कोविड से प्रभावित फेफड़े पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं खींच पाते, तो दिल पर अचानक अत्यधिक दबाव पड़ता है.कुएँ के अंदर ऑक्सीजन की कमी और ज़हरीली गैसों के बीच फेफड़ा न फूलने से व्यक्ति को चंद सेकेंड में 'साइलेंट कार्डियक अरेस्ट' आ जाता है, जिससे संभलने का मौका भी नहीं मिलता.

An ISO 9001:2015 ISO 14001:2015 OHSAS 18001:2007 Certified www.jnctrewa.com
JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE OF TECHNOLOGY
Approved by AICTE New Delhi & Affiliated to RGPV Bhopal, APSU, Rewa





B.Tech.
- AI & ML (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- AI & DS (Artificial Intelligence & Data Science)
- Computer Science
- Electronics & Communication
- Electrical & Electronics
- Mechanical • Civil • Mining

M.Tech.
- Structural
- Thermal
- Computer Science
- Digital Communication
- High Voltage System

MBA BBA BCA
ITI
- Fitter • COPA
- Electrician

DIPLOMA
- Mining & Mine Surveying
- Computer Science
- Mechanical
- Electrical
- Civil

प्रवेश हेतु संस्था रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में भी खुली रहेगी। इच्छुक छात्र-छात्राएँ प्रवेश संबंधी जानकारी एवं नामांकन के लिए संस्था में संपर्क कर सकते हैं।

UNIQUE
Add.: Near Bypass, JNCT Chouraha, Ratahara, Rewa (M.P.)
Mob. 8109412689, 9111100493

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99